दैनिक

# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478


पेज 4 पर पढ़े - विधवा बहनों के खातों में पहुंचाए एक करोड़ से अधिक



वर्ष - 01 | अंक - 40 | राजसमंद - मंगलवार, 01 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

# टिकट कटे तो बगावत, निर्दलीय मैदान में उतरे

## - राजसमंद, नाथद्वारा, आमेट, देवगढ़ व भीम तक दोनों दलों में नाराजगी

जयवर्द्धन न्यूज़

**लक्ष्मणसिंह राठौड़ @ राजसमंद**
जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सियासी तस्वीर अब धीरे-धीरे साफ होने लगी है, लेकिन टिकट वितरण के बाद उपजी नाराजगी ने भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नगरपरिषद राजसमंद के साथ नगरपालिका नाथद्वारा, आमेट, देवगढ़ और भीम में नामांकन के आखिरी दिन तक कई दावेदारों के चेहरे पर टिकट कटने की नाराजगी साफ दिखाई दी। टिकट से वंचित रहे कुछ नेताओं और दावेदारों ने पार्टी के फैसले के खिलाफ बगावत का रास्ता अपनाते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। ऐसे में अब अधिकृत प्रत्याशियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने ही खेमे में हुई बगावत को संभालने की होगी। सबसे ज्यादा चर्चा राजसमंद नगरपरिषद के टिकट वितरण को लेकर रही, जहां भाजपा ने नामांकन दाखिल करने की अंतिम घड़ी तक भी प्रत्याशियों की फाइनल सूची सार्वजनिक नहीं की। टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कई दावेदारों में असमंजस की स्थिति बनी रही। वहीं कुछ नए प्रत्याशी मीडिया के सामने चुनाव से जुड़े सवालों का जवाब देने से बचते नजर आए। कुछ प्रत्याशी तो ऐसे भी दिखाई दिए, जो चुनाव लड़ने के मुद्दे तक स्पष्ट रूप से नहीं बता पाए। इसके बावजूद उन्होंने नामांकन दाखिल किया और पार्टी के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि टिकट अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन आवेदन करने के लिए इशारा मिल चुका है। इधर, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश कुमावत ने राजसमंद में भाजपा का बोर्ड बनाने को अपने लिए भी परीक्षा बताया। उन्होंने दावा किया कि जनता का रुझान भाजपा के पक्ष में है और पार्टी बोर्ड बनाने में सफल होगी। हालांकि नामांकन के बाद सामने आई बगावत और नाराजगी के बीच अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी अपने असंतुष्ट दावेदारों को कितना मना पाती है और चुनावी मैदान में इसका कितना असर पड़ता है।



राजसमंद उपखंड कार्यालय में नामांकन की जांच के दौरान खड़े प्रत्याशी व समर्थक व जांच करते कार्मिक।

### जिला कलक्ट्री में नामांकन का मेला

नगरपरिषद राजसमंद में वार्ड पार्षद के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को जिला कलक्ट्री में मेले सा माहौल बना रहा। भाजपा व कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की सूची नामांकन भरने के बाद जारी की गई।

सुबह दस बजे से ही नामांकन के लिए समर्थकों के साथ प्रत्याशी पहुंचने लग गए। पार्टी के आला नेताओं का इशारा मिलने के बाद प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिए। कलक्ट्री परिसर में लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित रही। कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर विशेष पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### पूर्व चेयरमैन फिर मैदान में

पूर्व चेयरमैन दिनेश पालीवाल ने भाजपा से फिर नामांकन भरा है, जबकि निवर्तमान सभापति अशोक टांक भी दोबारा कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मैदान में उदरे हैं। पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक रांका ने भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरा है। इस तरह दोनों ही दलों के पालिकाध्यक्ष फिर पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं। अब इनमें से कोई दोबारा सभापति बन पाता है या नहीं, यह तो मतगणना के बाद ही स्पष्ट होगा।

# आमेट : 25 वार्डों के लिए त्रिकोणीय मुकाबले के आसार



आमेट में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी।

जयवर्द्धन न्यूज़

**आमेट।** नगरपालिका चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो गई। 25 वार्डों के लिए भाजपा, कांग्रेस सहित RLP प्रत्याशियों ने ताल ठोकी है। उपखंड कार्यालय आमेट परिसर में कार्यकर्ता अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में पहुंचे। कुल 25 वार्डों के लिए कुल 77 नामांकन प्राप्त हुए हैं। दोनों ही पार्टियों ने बोर्ड बनाने का दावा किया है। भाजपा के 36 कांग्रेस के 27, आरएलपी के 5 प्रत्याशियों ने नामाकंन भरा है। पालिका चुनाव में इस बार कांग्रेस में जेन जी की ताकत देखने को मिली, जहां युवा चेहरे बड़ी संख्या में मैदान में हैं। अब भाजपा व कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 3 सितंबर को जारी होने के बाद उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट होगी। कांग्रेस से पूर्व चेयरमेन उम्मीदवार कैलाश मेवाड़ा अपने उम्मीदवारो के साथ नामांकन किया और एक बार पुनः कांग्रेस का बोर्ड बनाने का दावा किया, वही कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी भाजपा का बोर्ड बनाने का दावा किया। सभी प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी राजेश मीणा को अपने नामांकन सौंपे। मौके पर कानून व्यवस्था को लेकर सीआई रोहित कुमार के साथ पुलिस जाप्ता तैनात रहा। नगर पालिका आमेट के 25 वार्डों के लिए भाजपा और कांग्रेस व आरएलपी ने अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है।

## देवगढ़ में दोनों दलों में खींचतान, भीम में बीजेपी का बिखराव



आमेट में नामांकन के दौरान कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ व भाजपा कार्यकर्ता।

जयवर्द्धन न्यूज़

नगरपालिका देवगढ़ में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भाजपा व कांग्रेस से चुनाव लड़ने की कई उम्मीदवारों की उम्मीद धरी रह गई। कुछ नाराज कार्यकर्ताओं ने तो पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भर दिया है। हालांकि भाजपा व कांग्रेस से किसी उम्मीदवार ने खुलकर बगावत अभी तक नहीं की है, लेकिन जो नाराज कार्यकर्ता है, उन्हें मनाने के लिए भी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जुटे हुए हैं। उधर, भीम नगरपालिका में 20 वार्ड पर चुनाव हो रहे हैं, जहां कांग्रेस में कुछ नाराजगी है, मगर भाजपा से टिकट की आस लगाए बैठे अधिकांश कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय के रूप में नामांकन भर दिया है। नगरपालिका भीम में 20 कांग्रेस, 20 भाजपा व 5 आम आदमी के प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं, जबकि 34 निर्दलीय प्रत्याशियों के आवेदन हैं। इनमें ज्यादातर बीजेपी से नाराज होकर निर्दलीय नामांकन भरना सामने आ

# नाथद्वारा : सियासी घमासान, दिग्गजों ने निर्दलीय ठोकी ताल

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा.** नगर पालिका चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि पर नाथद्वारा में सियासी पारा चढ़ा रहा। नामांकन केंद्र पर दिनभर दावेदारों और समर्थकों की भीड़ नजर आई। नगर पालिका के 40 वार्डों के लिए अंतिम दिन 98 दावेदारों ने 112 नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके साथ ही अब तक 137 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरने के लिए 154 पर्चे भर चुके हैं। नामांकन के अंतिम दिन सामने आए राजनीतिक समीकरणों ने दोनों प्रमुख दलों की चिंता बढ़ा दी है। पार्टी टिकट से वंचित रहे कई दिग्गज नेताओं और प्रभावशाली दावेदारों ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर चुनावी ताल ठोक दी। ऐसे में कई वार्डों में अब मुकाबला बहुकोणीय होने के साथ ही त्रिकोणीय मुकाबले के आसार भी बनते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अभी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुई है, नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद ही पता चलेगा कि इनमें से कितने दिग्गज चुनाव मैदान में डटे रहते हैं और कितने पार्टी के दबाव या समझाइश के बाद अपना नाम वापस लेते हैं। आज दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से अधिकृत प्रत्याशियों की सूची को लेकर भी राजनीतिक हलचल तेज रही, पार्टी सूचियों में संभावित उलटफेर की चर्चाओं के बीच कई दावेदारों और कार्यकर्ताओं में नाराजगी की स्थिति बनी हुई है। अधिकृत सूचियां सामने आने और नाम वापसी के बाद प्रत्येक वार्ड में चुनावी मुकाबले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी। वहीं नाथद्वारा नगर पालिका चुनाव में इस बार एक और नया अध्याय जुड़ा है। आम आदमी पार्टी ने पहली बार ट्रांसजेंडर प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने सुनीता बाई किन्नर को प्रत्याशी बनाया है। ट्रांसजेंडर प्रत्याशी के चुनाव मैदान में उतरने से यह चुनाव सामाजिक समावेशिता के लिहाज से भी चर्चा में आ गया है। नाथद्वारा नगर पालिका चुनाव का मुकाबला दिलचस्प हो गया है। एक ओर प्रमुख दलों के अधिकृत प्रत्याशी मैदान में होंगे, वहीं दूसरी ओर टिकट से नाराज दावेदारों के निर्दलीय उतरने से कई वार्डों में मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं। अब सभी की निगाहें नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पर टिकी हैं। इसके बाद ही तय होगा कि 40 वार्डों में चुनावी रण में कौन कौन आमने सामने होगा । अंतिम सूची के अनुसार 9 आम आदमी पार्टी के प्रत्याशीयों के अलावा, 28 निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।



राजसमंद में रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पेश करते प्रत्याशी।

# नाथद्वारा के चुनावी इतिहास में पहली बार किन्नर प्रत्याशी, आम आदमी भी मैदान में

## - दिल्ली के पूर्व महापौर महेश खींची पहुंचे नाथद्वारा, बोले– हर वर्ग को राजनीति में प्रतिनिधित्व का अधिकार

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा.** नगरपालिका नाथद्वारा के चुनावी इतिहास में पहली बार किन्नर समाज का शख्स चुनावी मैदान में उतरने जा रही हैं। आम आदमी पार्टी ने नगरपालिका के वार्ड 11 व 14 से सुनीता बाई किन्नर को अपना प्रत्याशी घोषित किया है, वार्ड 11 ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। इस कारण वार्ड 14 से भी पर्चा भरा है। पार्टी की ओर से सुनीता बाई को टिकट प्रदान करने के लिए आम आदमी पार्टी प्रदेश सह प्रभारी एवं दिल्ली के पूर्व महापौर महेश खींची विशेष रूप से नाथद्वारा पहुंचे। सुनीता बाई किन्नर की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही नाथद्वारा की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया है। स्थानीय स्तर पर इसे किन्नर समाज की राजनीतिक भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नामांकन दाखिल करने के बाद सुनीता बाई ने बताया कि आम आदमी पार्टी बहुत बड़ी है, लेकिन मेरे ऊपर विश्वास जताया है उसके लिए में आभारी हूं, हम मिलकर काम करेंगे और सभी वार्ड वासियों की मंशा अनुरूप स्वच्छता व शिक्षा पर विशेष काम किया जाएगा। वहीं प्रभारी महेश खींची ने कहा कि आम आदमी पार्टी सामाजिक समानता, सम्मान और सभी वर्गों की भागीदारी की राजनीति में विश्वास रखती है। राजनीति में समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी बात रखने और प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में भी आम आदमी पार्टी ने किन्नर समाज से प्रत्याशी को टिकट दिया था, जो निगम पार्षद निर्वाचित हुए। इसी सोच के साथ पार्टी राजस्थान में भी समाज के वंचित और उपेक्षित वर्गों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने का प्रयास कर रही है। नामांकन के दौरान आप जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल चंदेल, जिला उपाध्यक्ष भरतकुमार पालीवाल, जिला संगठन महासचिव पप्पूलाल कीर, नाथद्वारा विधानसभा अध्यक्ष धर्मेश चंदेल, मनीष चंदेल, विधानसभा करोल बाग के उपाध्यक्ष कमलकांत रवि, वार्ड अध्यक्ष लक्की रोछिया, नाथद्वारा विधानसभा उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश, कानसिंह राठौड़, जगदीश आदि मौजूद थे।



नाथद्वारा में आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी किन्नर व अन्य।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

# भारत–चीन रिश्तों की नई दिशा

बीते दिनों बीजिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 25वें दौर की वार्ता संपन्न हुई। सीमा संबंधी मुद्दों पर केंद्रित इस बैठक को दोनों देशों के नाजुक द्विपक्षीय रिश्तों को साधने की दिशा में एक अहम और नपा-तुला कदम कहा जा सकता है। दरअसल यह वार्ता अक्टूबर 2024 में एलएसी पर टकराव वाले बिंदुओं से सुरक्षा बलों की वापसी के समझौते और उसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बनी सहमति की बुनियाद पर आगे बढ़ी है। हालिया वार्ता का वास्तविक महत्व सीमा संबंधी मुद्दे पर किसी बड़ी या अप्रत्याशित उपलब्धि में नहीं, अपितु ऐसे स्थायी तंत्र की स्थापना से जुड़े प्रयासों में निहित है, जिससे किसी भावी टकराव को टाला जा सके और द्विपक्षीय राजनीतिक एवं आर्थिक जुड़ाव को चरणबद्ध रूप से बहाल किया जा सके। इस संदर्भ में आठ-सूत्रीय संयुक्त सहमति ऐसे संकेत भी करती है कि दोनों देश महज तात्कालिक सैन्य तनाव के समाधान से आगे बढ़कर द्विपक्षीय संबंधों को कहीं व्यापक स्थिरता प्रदान करने वाले एक औपचारिक एवं दीर्घकालिक तंत्र के निर्माण की दिशा में अग्रसर होते दिख रहे हैं।

इस बैठक का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निष्कर्ष संयुक्त विशेषज्ञ समूह और समन्वय एवं परामर्श के लिए कार्यकारी ढांचा यानी डब्ल्यूएमसीसी के तहत सीमा प्रबंधन कार्य समूह को सीमांकन एवं प्रबंधन के मोर्चे पर त्वरित एवं ठोस प्रगति का लक्ष्य सौंपना है। यह शब्दावली खासी अर्थपूर्ण है। यह इस वास्तविकता को रेखांकित करती है कि सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी कठिन भले ही हो, लेकिन यह वार्ता उन क्रमिक समझौतों की जमीन जरूर तैयार करती है, जिनसे सीमावर्ती इलाकों में अनिश्चितता और तनाव को घटाया जा सके। इस क्रम में दोनों सेनाओं के बीच सीधा संपर्क तंत्र भी उतना ही अहम है।

## चित्तौड़गढ़ नगर परिषद चुनावः भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों की पूरी सूची

| भाजपा पार्षद प्रत्याशियों की सूची | कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों की सूची |
|---|---|
| वार्ड 1 – मनोज सुहालका | वार्ड 1 – प्रदीप सेन |
| वार्ड 2 – घनश्याम मेनारिया | वार्ड 2 – सुदाम |
| वार्ड 3 – विपुल सिंह राणावत | वार्ड 3 – अक्षय सिंह |
| वार्ड 4 – दिलीप सिंह | वार्ड 4 – रमेश नाथ |
| वार्ड 5 – दिनेश गवारिया | वार्ड 5 – देवीलाल सालवी |
| वार्ड 6 – देवी लाल सालवी | वार्ड 6 – कैलाश पंवार |
| वार्ड 7 – पूजा खटीक | वार्ड 7 – सावित्री पंवार |
| वार्ड 8 – मनभंवर देवी | वार्ड 8 – नोसर |
| वार्ड 9 – रविन्द्रा लढ्ढा | वार्ड 9 – कलिका जैन |
| वार्ड 10 – सविता जाजू | वार्ड 10 – पिंकी जैन |
| वार्ड 11 – भोलाराम प्रजापत | वार्ड 11 – सुरेन्द्र नाथ योगी |
| वार्ड 12 – हरिश ईनाणी | वार्ड 12 – दुर्गापाल सिंह |
| वार्ड 13 – छोटू सिंह शेखावत | वार्ड 13 – रोहित |
| वार्ड 14 – शांति लाल जाट | वार्ड 14 – नितिन वर्मा |
| वार्ड 15 – अनिल ईनाणी | वार्ड 15 – हेमंत संत |
| वार्ड 16 – अशोक सोनी | वार्ड 16 – अरविंद वैष्णव |
| वार्ड 17 – सुरेश चन्द्र झंवर | वार्ड 17 – महेंद्र सिंह मेहतिया |
| वार्ड 18 – जीवन कोदली | वार्ड 18 – राकेश गारू |
| वार्ड 19 – कुसुम बैरवा | वार्ड 19 – मीनाक्षी बैरवा |
| वार्ड 20 – कपिल मलानी | वार्ड 20 – संदीप सिंह |
| वार्ड 21 – शाहिन बी | वार्ड 21 – फिरदौस |
| वार्ड 22 – जगदीप सिंह सलुजा | वार्ड 22 – नरेंद्र विजयवर्गीय |
| वार्ड 23 – राजू सालवी | वार्ड 23 – विजय चौहान |
| वार्ड 24 – कुसुम मेनारिया | वार्ड 24 – पायल |
| वार्ड 25 – शैलेन्द्र झंवर | वार्ड 25 – अभिषेक |
| वार्ड 26 – रमा शर्मा | वार्ड 26 – रेखा शर्मा |
| वार्ड 27 – सुमन बैरागी | वार्ड 27 – आरती शर्मा |
| वार्ड 28 – विपिन सिंह | वार्ड 28 – मनोहर मेनारिया |
| वार्ड 29 – राजेन्द्र जांगीड़ | वार्ड 29 – शंकरलाल प्रजापत |
| वार्ड 30 – मुन्ना लाल | वार्ड 30 – देवीलाल गुर्जर |
| वार्ड 31 – सुदर्शन रामपुरिया | वार्ड 31 – दिनेश चंद |
| वार्ड 32 – मनसा देवी मीणा | वार्ड 32 – पार्वती मीणा |
| वार्ड 33 – सुन्दर बाई | वार्ड 33 – सोनू प्रजापत |
| वार्ड 34 – रमेश मीणा (पिन्टू) | वार्ड 34 – शांति लाल मीणा |
| वार्ड 35 – अविनाश शर्मा | वार्ड 35 – राहुल छीपा |
| वार्ड 36 – लोकेश सेठिया | वार्ड 36 – नरेंद्र सिंह राठौड़ |
| वार्ड 37 – बालमुकुन्द पटवा | वार्ड 37 – टींकू धामणी |
| वार्ड 38 – रेखा शर्मा | वार्ड 38 – गीता सोनी |
| वार्ड 39 – प्रदीप काबरा | वार्ड 39 – लोकेश |
| वार्ड 40 – रानु तेली | वार्ड 40 – रेहाना हसन |
| वार्ड 41 – जाकीर हुसैन कुरेशी | वार्ड 41 – शकीला खान |
| वार्ड 42 – ओमप्रकाश शर्मा | वार्ड 42 – शंभूलाल प्रजापत |
| वार्ड 43 – रेखा शर्मा | वार्ड 43 – कैलाश देवी नीलमणी |
| वार्ड 44 – प्रिया गौड | वार्ड 44 – ललिता सोनी |
| वार्ड 45 – रतन लाल तडबा | वार्ड 45 – धर्मेंद्र मुंदड़ा |
| वार्ड 46 – पिंकी खटीक | वार्ड 46 – प्रेमलता |
| वार्ड 47 – शांति लाल मोदी (पिन्टू) | वार्ड 47 – बालमुकुंद माहेश्वरी |
| वार्ड 48 – लक्ष्मी नारायण सोनी | वार्ड 48 – इतिमाज |
| वार्ड 49 – प्रतिभा नाहटा | वार्ड 49 – दिव्या तिवारी |
| वार्ड 50 – राजेश लोठ | वार्ड 50 – वासु |
| वार्ड 51 – मीना वाघेला | वार्ड 51 – चंदा माली |
| वार्ड 52 – मो. इब्राहिम मन्सुरी | वार्ड 52 – मोहम्मद इब्राहिम |
| वार्ड 53 – निकिता सेनी | वार्ड 53 – राधा देवी |
| वार्ड 54 – सीताराम माली | वार्ड 54 – छुगाकिशोर साहू |
| वार्ड 55 – देवराज कीर | वार्ड 55 – कन्हैयालाल माली |
| वार्ड 56 – फूली बाई | वार्ड 56 – अणखी बाई भील |
| वार्ड 57 – बालकिशन भोई | वार्ड 57 – नारायण लाल |
| वार्ड 58 – निमा बंजारा | वार्ड 58 – उमा |
| वार्ड 59 – पुरन सिंह राणा | वार्ड 59 – अनिल सैनी |
| वार्ड 60 – सुरेन्द्र सिंह (गोपाल राजोरा) | वार्ड 60 – दुर्गा सिंह |




## नगरपरिषद राजसमंद में भाजपा- कांग्रेस प्रत्याशी

| कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|
| वार्ड 1: श्री उदयलाल | श्री चेतन कुमार कुमावत |
| वार्ड 2: श्री किशन लाल गाडरी | श्री सुरेश चन्द्र गाडरी |
| वार्ड 3: श्रीमती मधु देवी माली | श्रीमती जया माली |
| वार्ड 4: श्री नारायण लाल गाडरी | श्री कैलाश निष्कलंक |
| वार्ड 5: श्री पुष्कर श्रीमाली | श्री विजय कुमार जैन |
| वार्ड 6: श्रीमती आशा देवी पालीवाल | श्रीमती अनीता पालीवाल |
| वार्ड 7: सुश्री रविना कुंवर | श्रीमती कुशल कंवर |
| वार्ड 8: श्रीमती मिनाक्षी जोशी | श्रीमती सुरभि पालीवाल |
| वार्ड 9: श्री मांगीलाल टांक | श्री चम्पालाल कुमावत |
| वार्ड 10: श्रीमती मंजू देवी | श्रीमती दीपिका कुमावत |
| वार्ड 11: श्रीमती सरोज महला | श्रीमती सुन्दर कंवर |
| वार्ड 12: श्री मोहन लाल कुमावत | श्री कुलदीप सिंह गौरवा |
| वार्ड 13: श्रीमती मधु पालीवाल | श्रीमती अंजना कच्छारा |
| वार्ड 14: श्री नन्दकिशोर कुमावत | श्री खुशकमल कुमावत |
| वार्ड 15: श्रीमती कल्पना कोर | श्रीमती सुलोचना कुमावत |
| वार्ड 16: हिम्मतलाल कीर | शिशुपाल चौधरी |
| वार्ड 17: डॉ. नीलम त्यागी | श्रीमती तारा देवी पुर्बिया |
| वार्ड 18: श्री प्रकाश गुर्जर | श्री हरीश कुमावत |
| वार्ड 19: श्री इंदर लाल मीणा | श्री प्रभुलाल भील |
| वार्ड 20: श्री हेमन्त गुर्जर | श्री ललित प्रकाश जैन |
| वार्ड 21: सुश्री अर्पिता मीणा | श्रीमती रूपा देवी भील |
| वार्ड 22: श्रीमती हिमानी नन्दवाना | श्री अशोक रांका |
| वार्ड 23: श्रीमती दुर्गा कुमारी कुमावत | श्रीमती ललिता कुमावत |
| वार्ड 24: छगनलाल | राजेश पालीवाल |
| वार्ड 25: भूरालाल कुमावत | मोहन कुमावत मेवाड़ |
| वार्ड 26: पुष्पा साहू | मधु चोरड़िया |
| वार्ड 27: पुष्पा पोरवाड़ | चंचल अटवाल, गारू |
| वार्ड 28: राजकुमारी पालीवाल | विकास पालीवाल |
| वार्ड 29: चुन्नीलाल पंचोली | कृष्ण कुमार अग्रवाल |
| वार्ड 30: जेबा शाहीन | इलमुद्दीन पठान |
| वार्ड 31: संगीतादेवी | अंजना खटीक |
| वार्ड 32: जयदेव कच्छावा | मोहन कुमावत |
| वार्ड 33: अशोक टांक | महिपसिंह चारण |
| वार्ड 34: हेमंत उर्फ लच्छु रजक | मांगीलाल जटिया |
| वार्ड 35: आशीष पालीवाल | धीरज पुरोहित |
| वार्ड 36: प्रमोद कुमार रेगर | भरत पालीवाल |
| वार्ड 37: पीरूलाल खींची | उत्तम खींची |
| वार्ड 38: यशवंत रेगर | मेवालाल खटीक |
| वार्ड 39: पप्पु माली | भैरूलाल माली सुनील |
| वार्ड 40: जतिन सेन | कैलाश पुरोहित |
| वार्ड 41: रवि गर्ग | देवेंद्र यादव |
| वार्ड 42: सुन्दर देवी | सोना कंवर राव |
| वार्ड 43: दीपक कुमार खत्री | दिनेश पालीवाल |
| वार्ड 44: यशवंत भोई | मुरलीधर भोई |
| वार्ड 45: शंभूलाल कुमावत | दिनेश कुमावत |

## नगरपालिका देवगढ़ : भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

| वार्ड | कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|---|
| वार्ड 1 | श्रीमती भगवती देवी | श्रीमती ललिता देवी |
| वार्ड 2 | श्री पूरण सिंह | श्री शंकर सिंह |
| वार्ड 3 | श्रीमती रेखा रेगर | श्रीमती टीना कुमारी रेगर |
| वार्ड 4 | श्री तेजपाल सोनी | श्री नरेश कुमार जोशी |
| वार्ड 5 | श्री जगदीश सालवी | श्री अर्जुनलाल गवारिया |
| वार्ड 6 | रमेश चन्द्र | श्री तेजपाल खोखर |
| वार्ड 7 | नारायण सिंह | श्री गुलजार मोहम्मद |
| वार्ड 8 | सुनीता सालवी | श्रीमती चन्दा सालवी |
| वार्ड 9 | दीपु देवी | श्रीमती शमा बानू |
| वार्ड 10 | मदन लाल रेगर | श्री घीसूलाल |
| वार्ड 11 | शारदा कंवर | श्री भैरू सिंह |
| वार्ड 12 | कृष्णा राजपूत | श्रीमती गिरिजा देवी |
| वार्ड 13 | चन्द्र प्रकाश मेवाड़ा | श्री बालू रेगर |
| वार्ड 14 | भगवती लाल | श्रीमती शान्ता गुर्जर |
| वार्ड 15 | मीना कंवर | श्रीमती सुनीता कंवर |
| वार्ड 16 | तारा | सुश्री आशा सेन |
| वार्ड 17 | अंजना जोशी | श्री आनंद बांबेल |
| वार्ड 18 | अनुराग नाराणिया | श्री जयप्रकाश पालीवाल |
| वार्ड 19 | कंचन देवी | श्रीमती रेखा देवी |
| वार्ड 20 | मोहम्मद आरिफ | श्री सहाराम हुसैन |
| वार्ड 21 | शबाना बानू | श्रीमती प्रेमलता देवी |
| वार्ड 22 | दीनदयाल त्रिवेदी | श्री राजेश मेवाड़ा |
| वार्ड 23 | अनिता | श्रीमती सपना सालवी |
| वार्ड 24 | मीना कुमारी | श्री तिलोक माली |
| वार्ड 25 | देव गुर्जर | श्रीमती तारा देवी कंसारा |

## नगरपालिका नाथद्वारा में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

| कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|
| वार्ड 1: कंचन देवी | चन्द्र प्रकाश जोशी |
| वार्ड 2: सुरेन्द्र सिंह राजपूत | प्रवीण पालीवाल |
| वार्ड 3: भावना कुंवर राजपूत | निशा बागोरा |
| वार्ड 4: जितेन्द्र | प्रदीप काबरा |
| वार्ड 5: ताराचन्द मीणा | शांतु मीणा |
| वार्ड 6: मोहम्मद अली | मोहम्मद असलम |
| वार्ड 7: भगवती लाल लोहार | जसवंत कुमार साहू |
| वार्ड 8: शेषनारायण | राजेश उपाध्याय |
| वार्ड 9: दीपिका | ज्योति कुमावत |
| वार्ड 10: मोहम्मद शाहिद | अब्दुल सलाम |
| वार्ड 11: तारा देवी | विनिता कुमावत |
| वार्ड 12: मीता चौहान | लाला गहलोत |
| वार्ड 13: कमलेश | प्रेम शंकर जोशी |
| वार्ड 14: रमेश चन्द्र | कपिल लोढ़ा |
| वार्ड 15: प्रियंका | हीना पुरोहित |
| वार्ड 16: रेखा | खुशबू जैन |
| वार्ड 17: राकेश सेन | महेश चन्द्र |
| वार्ड 18: दिनेश | सतीश जोशी |
| वार्ड 19: संगीता | पीयूषा कोठारी |
| वार्ड 20: शालू | पायल सिंघवी |
| वार्ड 21: मनीष | जितेन्द्र सोमानी |
| वार्ड 22: सुनील दत्ता | प्रह्लाद सनाढ्य |
| वार्ड 23: अजय कुमार | दिनेश प्रजापत |
| वार्ड 24: चन्द्रमान सिंह | परेश सोनी |
| वार्ड 25: गिरिजा | पूनम गौरवा |
| वार्ड 26: मनीष | भावेश सनाढ्य |
| वार्ड 27: गणेश लाल | चेतन्य कुमार त्रिपाठी |
| वार्ड 28: राहुल | प्रह्लाद राय त्रिपाठी |
| वार्ड 29: श्याम लाल | दीपेश पालीवाल |
| वार्ड 30: इन्द्रा | भावना पालीवाल |
| वार्ड 31: कान्ता | अनीता यादव |
| वार्ड 32: सुरेश छापरवाल | मुकेश चौहान |
| वार्ड 33: भव्य पारीख | निहाल सिंह राठौड़ |
| वार्ड 34: आयर्न गुर्जर | राकेश चंद्र जोशी |
| वार्ड 35: किशन | शांति मीणा |
| वार्ड 36: रंजना | शान्ता मीणा |
| वार्ड 37: मोहन लाल | ईश्वर लाल मीणा |
| वार्ड 38: सीमा देवी | रजनी लोढ़ा |
| वार्ड 39: हेमलता | रेखा सुधार |
| वार्ड 40: मदन लाल | मुकेश कुमार माली |

## नगरपालिका भीम में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

| वार्ड | कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|---|
| वार्ड 1 | श्री जसवंत सिंह | श्री कुशाल सिंह |
| वार्ड 2 | श्रीमती यशोदा कंवर | श्री चैन सिंह |
| वार्ड 3 | श्री प्रकाश सिंह | श्री डूंगर सिंह |
| वार्ड 4 | श्री लक्की शर्मा | श्री विधाप्रकाश सिंह |
| वार्ड 5 | श्रीमती देवकंवर | श्रीमती निकिता कुमारी |
| वार्ड 6 | श्रीमती कंकूदेवी | श्री सुरेन्द्र सिंह |
| वार्ड 7 | श्रीमती लता भट्ट | श्री मुकेश कुमार |
| वार्ड 8 | श्री प्रभुदयाल | श्री प्रकाश कुमार |
| वार्ड 9 | श्रीमती निर्मला | श्री ममता देवी |
| वार्ड 10 | श्री प्रवीण कुमार | श्री शुभम |
| वार्ड 11 | श्रीमती तुलसी कंवर | श्री अर्जुन सिंह |
| वार्ड 12 | श्रीमती अनीता कुमारी | श्रीमती सुशीला देवी |
| वार्ड 13 | श्रीमती अंजु देवी | श्रीमती जशोदा देवी |
| वार्ड 14 | श्रीमती मीना देवी | श्रीमती भवरी देवी |
| वार्ड 15 | श्री जसवंत सिंह | श्री सम्पत लोहार |
| वार्ड 16 | श्री लूम्ब सिंह | श्री मोहन सिंह |
| वार्ड 17 | श्री ओम प्रकाश | श्रीमती राधा देवी |
| वार्ड 18 | श्री मनोज सिंह | श्री पूर्ण सिंह |
| वार्ड 19 | श्री सुरेश कुमार | श्री सत्यप्रकाश |
| वार्ड 20 | श्रीमती वर्षा मालतीय | श्रीमती पूजा |

## नगरपालिका आमेट में भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी

| वार्ड | कांग्रेस प्रत्याशी | भाजपा प्रत्याशी |
|---|---|---|
| वार्ड 1 | भैरूलाल खटीक | राधेश्याम खटीक |
| वार्ड 2 | टीना खटीक | सीता देवी खटीक |
| वार्ड 3 | पुष्पा देवी | ज्योति हरिजन |
| वार्ड 4 | दुर्गेश पालीवाल | सुरेन्द्र सिंह पंवार |
| वार्ड 5 | विनोद कुमार रेगर | भूरा लाल रेगर |
| वार्ड 6 | कैलाश बाई | भंवरी देवी रैवारी |
| वार्ड 7 | स्नेहा जैन | शांता देवी टक |
| वार्ड 8 | महावीर कुमार हिरण | अंकित माहेश्वरी |
| वार्ड 9 | मनोहर लाल मेवाड़ा | दिनेश शरनोत |
| वार्ड 10 | इल्लाही बक्ष | इरफान हुसैन |
| वार्ड 11 | पंकज टेलर | रमण कंसारा |
| वार्ड 12 | कैलाश मेवाड़ा | विनोद बागवान |
| वार्ड 13 | प्रकाश सुथार | राजेश पालीवाल |
| वार्ड 14 | रूपाल कंवर | सोनल जीनगर |
| वार्ड 15 | सुरेश सिंह खिंची | मनोहर सिंह राठौड़ |
| वार्ड 16 | विनोद कुमार पालीवाल | प्रकाश पालीवाल |
| वार्ड 17 | नीतू शर्मा | ललिता सुधार |
| वार्ड 18 | शान्तिलाल सोनी | दिनेश लखकर |
| वार्ड 19 | ताहिर अली | रतन लाल कीर |
| वार्ड 20 | प्रकाश चन्द्र खटीक | लालूलाल खटीक |
| वार्ड 21 | शौर्य मेवाड़ा | धर्मेश मेवाड़ा |
| वार्ड 22 | मधु भोई/संगीता भोई | पुष्पा प्रजापत |
| वार्ड 23 | विनोद कुमार सेन/प्रमोद शर्मा | प्रकाश लोहार |
| वार्ड 24 | मंजु रेगर | लीला रेगर |
| वार्ड 25 | सीमा देवी | सया कंवर चुडावत |

# भारत को जानो प्रतियोगिता में 2110 छात्रों ने एक साथ दी परीक्षा

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भारत विकास परिषद द्वारा सोमवार को संपूर्ण भारत में एक ही दिन एक साथ भारत से संबंधित जानकारियों की सामान्य ज्ञान की अखिल भारतीय 'भारत को जानो' लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष महेंद्र कोठारी ने बताया कि विद्यार्थियों में भारतीय मूल्यों, भारतीय संस्कारों, भारतीय आस्थाओं तथा भारत की गौरव गाथा के प्रति गौरवपूर्ण भावना के सृजन हेतु परिषद् वर्ष 2001 से राष्ट्रीय स्तर पर भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित करता रहा है। शाखा के मीडिया प्रभारी जितेन्द्र लड्ढा ने बताया कि राजसमन्द में भारत को जानो नामक पुस्तक पर आधारित यह लिखित प्रतियोगिता राजसमन्द शहर के 22 प्रमुख सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कनिष्ठ (कक्षा 6 से 8) तथा वरिष्ठ (कक्षा 9 से 12) दो वर्गों में आयोजित की गयी। इस वृहद आयोजन हेतु परिषद् की दोनों शाखाओं के लगभग 105 पुरुष, महिला एवं युवा कार्यकर्ताओं के विद्यालयवार समूह बनाकर परीक्षकों की टीमें प्रातः 8.30 बजे एक साथ सभी विद्यालयों में प्रश्नपत्र एवं ह्स्क्रशीट्स के सीलबंद पैकेट्स लेकर पहुंचे। विभिन्न विद्यालयों में आयोजित इस प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग में 1145 एवं कनिष्ठ वर्ग में 965 प्रतिभागियों ने भाग लिया। परिषद् के 3 - 3 वरिष्ठ सदस्यों के निरीक्षक समूह भी बनाये गए जिन्होंने परीक्षा समय के दौरान विद्यालयों में पहुँचकर प्रतियोगिता का आकस्मिक निरिक्षण किया। प्रकल्प संयोजक सांवर बियानी ने बताया की प्रथम स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विद्यालयों से वर्गशः चयनित सर्वश्रेष्ठ 2 प्रतिभागियों को द्वितीय चरण में राजसमन्द में ही कौन बनेगा करोडपति धारावाहिक की तर्ज पर आयोजित होने वाली मौखिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहा से कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गों के दो-दो चयनित प्रतिभागियों की टीमों को प्रान्त स्तर एवं तत्पश्चात रिजनल और राष्ट्रीय स्तर पर राजसमन्द का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। परीक्षा



राजसमंद में भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

सहसंयोजक एवं द्वारकेश शाखा के अध्यक्ष हर्षित मित्तल ने बताया की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रहे सभी विद्यार्थियों को शाखा स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के दौरान सम्मानित किया जाकर पुरस्कार एवं आकर्षक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

शाखा सचिव सुरेन्द्र जैन ने बताया की भारत विकास परिषद् 1963 से निरंतर सेवा एवं संस्कार के प्रकल्पों के माध्यम से स्वस्थ-समर्थ-संस्कारित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु कार्य कर रहा है। देश भर में 1600 शाखाओं और एक लाख से अधिक सदस्य इस लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर अपना सहयोग दे रहे हैं। परिषद सन् 2001 से भारत की आने वाली पीढी में संस्कारों व समर्थ भारत निर्माण के स्वप्न को साकार करने का प्रयास इस प्रतियोगिता के माध्यम से कर रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिवर्ष 15 लाख से अधिक छात्र भाग लेते हैं और 2.5 लाख से अधिक 'भारत को जानो' पुस्तकें विद्यालयी छात्रों के बीच वितरित की जाती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मड़का में होटल की दीवार में छेद कर तोड़फोड़, हजारों का नुकसान



सांयो का खेड़ा के मड़का गांव में होटल की दीवार में किया छेद।

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद जिले में सांयो का खेड़ा के पास मड़का गांव में शराब दुकान की दीवार में छेद कर बदमाश करीब 20 हजार रुपए की शराब चुरा ले गए।

करणी सेना के शंकरसिंह ने बताया कि भोमियाजी हिल होटल मड़का में अज्ञात बदमाशों ने दीवार में छेद किया। फिर काफी तोड़फोड़ते हुए करीब बीस हजार की शराब चुराकर आरोपी फरार हो गए। होटल में तोड़फोड़ कर काफी नुकसान पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह यहां एक ही रात में करीब दस मकानों के ताले तोड़ दिए थे।

हालांकि उस मामले में भी अभी तक आरोपी नहीं पकड़े गए, जिससे बदमाशों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।

# कलक्टर हसीजा बोले- जन समस्या निस्तारण में बेपरवाही बर्दाश्त नहीं

## - संपर्क पोर्टल सहित विभागीय समीक्षा में कलक्टर के सख्त नर्देश

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एनकॉर्ड, संपर्क पोर्टल एवं हरियाळो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, उप वन संरक्षक आर.एन. भाकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक में एनकॉर्ड के अंतर्गत जिले में नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने नशे के दुष्प्रभावों को रोकने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा नशा मुक्ति के लिए प्रभावी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं जागरूकता गतिविधियों को गति देने के निर्देश दिए। संपर्क पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिला कलक्टर ने विभागवार लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से परीक्षण कर नियमानुसार त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने तथा परिवादियों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं हो तथा प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए। हरियाळो राजस्थान अभियान की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने विभागवार पौधरोपण लक्ष्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पौधरोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग कराने तथा पौधों के संरक्षण एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि पौधरोपण केवल लक्ष्य पूर्ति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करते हुए अभियान को प्रभावी बनाया जाए।



बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा एनकॉर्ड, संपर्क पोर्टल एवं हरियाळो राजस्थान अभियान के संबंध में की गई प्रगति से अवगत कराया गया तथा जिला कलक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### जिला कलेक्टर की मौजूदगी ने बढ़ाया मतदान कार्मिकों का उत्साह

## गंभीरता से निभाएं चुनावी दायित्व- डॉ. मंजू



जयवर्द्धन न्यूज़

**चित्तौड़गढ़ ।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को मतदान दलों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने प्रशिक्षण स्थल का अवलोकन कर कार्मिकों को चुनावी दायित्व पूरी गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्मिक निर्वाचन आयोग की निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरशः पालन करें। प्रशिक्षण में 234 पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) और 234 प्रथम मतदान अधिकारियों (पीओ-1) को मतदान प्रक्रिया की जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद की व्यवस्थाओं, ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदाता पहचान, मतदान की गोपनीयता, अभिलेख संधारण तथा मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की सीलिंग और जमा कराने की प्रक्रिया समझाई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश धाकड़ ने कहा कि पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### ईवीएम संचालन और मॉक पोल का कराया अभ्यास

कार्मिकों को कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तैयार करने और मॉक पोल कराने का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही तकनीकी समस्या की स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने और संबंधित अधिकारियों से समन्वय रखने की जानकारी दी गई। मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा, सीलिंग और विभिन्न निर्वाचन प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस दौरान डीएलएमटी डॉ. कनक जैन, ओमप्रकाश पालीवाल, डॉ. राजकुमार शर्मा, रजत सुनिया, महेश नुवाल, अशोक रेगर तथा सहायक प्रभारी प्रमोद दशोरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधवा बहनों के खातों में पहुंचाए एक करोड़ से अधिक, निर्बल परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

जयवर्द्धन न्यूज़

**फतेहनगर (उदयपुर)।** मेवाड़ से शुरू हुए समाज सुधार एवं सेवा अभियान के तहत श्री राजपूत सर्वोदय सहयोग संस्थान की प्रथम बैठक रविवार को श्री राजपूत धर्मशाला, आवरी माता शक्तिपीठ फतेहनगर में हुई। बैठक में पिछले करीब एक वर्ष के सेवा कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक में संस्थान की ओर से जरूरतमंद परिवारों को दिए गए आर्थिक सहयोग का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। संस्थान के अनुसार अब तक 53 विधवा बहनों के बैंक खातों में एक करोड़ रुपए से अधिक की आर्थिक सहायता पहुंचाई जा



उदयपुर के फतेहनगर में संस्थान की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

चुकी है। इसके अलावा जरूरतमंद परिवारों को सिलाई मशीन सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए गए। आगामी चरण में निर्बल परिवारों से सहयोग के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान, सहायता में पारदर्शिता, सेवा अभियान का मेवाड़ के अन्य क्षेत्रों में विस्तार तथा संस्थान के विधिवत पंजीकरण को लेकर भी मंथन हुआ। बैठक में उदयसिंह सेजलाई, पर्वत सिंह नया बंगला, भगवत सिंह सनवाड़, सोहन सिंह नवलपुरा, वीरेंद्र सिंह साकरिया खेड़ी,भगवत सिंह चुण्डावत खेड़ी, गमेर सिंह खिम सिंह जी का खेड़ा, चन्द्र सिंह आंजना, बलवंत सिंह साकरिया खेड़ी, हरि सिंह बागोटा, गोवर्धन सिंह चुंडावत खेड़ी, ओनार सिंह विछावेडा, रूप सिंह गोपालपुरा, चतर सिंह बरोड़िया, महेंद्र सिंह जगत सिंह जी का खेड़ा, धन सिंह बरोड़िया, अरविंद सिंह भीम का खेड़ा, नेपाल सिंह झाला की भागल, हुकम सिंह वेजड़ो का गुड़ा, लक्ष्मण सिंह पदमपुरा, एवं शंभू सिंह पदमपुरा सहित सदस्य मौजूद रहे।

### ननिहाल आईं दो बालिकाओं की नदी में डूबने से मौत : एक को डूबता देख बचाने उतरी दूसरी, दोनों गहरे पानी

जयवर्द्धन न्यूज़

**बेगूं।** रक्षाबंधन की खुशियों के बीच सामरिया कला गांव में रविवार को उस समय मातम छा गया, जब ननिहाल आई दो बालिकाओं की नदी में डूबने से मौत हो गई। दोनों बालिकाएं खेलते-खेलते नदी की ओर चली गई थीं। छोटी बालिका के नदी में डूबने पर उसे बचाने के प्रयास में बड़ी बालिका भी गहरे पानी में चली गई और दोनों की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, सामरिया कला निवासी चंद्रसिंह चुंडावत के यहां रक्षाबंधन के पर्व पर उनकी दो बेटियां परिवार सहित आई थीं। झालर बावड़ी चारभुजा, रावतभाटा निवासी मुन्ना कंवर पत्नी रविंद्रसिंह अपनी 13 वर्षीय पुत्री प्रतिज्ञा उर्फ राधे तथा कोटा निवासी गुड्डी कंवर पत्नी विक्रमसिंह अपनी 10 वर्षीय पुत्री राधिका उर्फ राधे को लेकर मायके आई थीं। बताया गया कि रविवार सुबह करीब 8:30 बजे दोनों बालिकाएं खेलते-खेलते कब नदी की ओर चली गईं, किसी को पता नहीं चला।

## संक्षिप्त खबरें

## नगर निकाय एवं पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में पेड न्यूज पर रहेगी कड़ी नजर

### मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी गठित

जयवर्द्धन न्यूज़

चित्तौड़गढ़ । आगामी नगर निकाय और पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के दौरान प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित समाचारों के संदर्भ में पेड न्यूज के मामलों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। राजनीतिक दलों अथवा प्रत्याशियों के पक्ष में विज्ञापन के रूप में प्रकाशित या प्रसारित सामग्री को समाचार का स्वरूप देने के मामलों की निगरानी के लिए राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान के आदेश पर जिला स्तर पर मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी (MMC) गठित की गई है।

### जिला कलेक्टर होंगे कमेटी के अध्यक्ष

जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) यानी जिला कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को समिति का सदस्य बनाया गया है, जबकि जिला जनसंपर्क अधिकारी सदस्य सचिव होंगे।

### 48 घंटे में देना होगा जवाब

संदिग्ध पेड न्यूज का मामला सामने आने पर प्रत्याशी को नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस मिलने के 48 घंटे के भीतर जवाब देना होगा। जवाब नहीं मिलने या संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिला स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी निर्णय करेगी। पेड न्यूज पर हुए खर्च को प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा।

### मीडिया प्रकोष्ठ भी करेगा निगरानी

जिले में मीडिया प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जिसका नोडल अधिकारी जिला जनसंपर्क अधिकारी होंगे। यह प्रकोष्ठ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित सामग्री की निगरानी करेगा तथा संदिग्ध पेड न्यूज के मामलों की रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजेगा।

## कृष्ण जन्मोत्सव 4 को, उमड़ेगी आस्था, वृहद स्तर पर तैयारियाँ शुरू

जयवर्द्धन न्यूज़

भीलवाड़ा। जिले भर में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी का तयोहार शुक्रवार, 4 सितंबर को श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा । इसे लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई है। शहर के पेंच एरिया स्थित बालाजी मंदिर परिसर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व ठाट-बाट के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर बजरंग मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार मानसिंहका एवं जगदीश चंद्र मानसिंहका के निर्देशन में विभिन्न कमेटियों का गठन कर तैयारियाँ युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं।मंदिर के पं.आशुतोष शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर पूरे बालाजी मार्केट एवं मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। इस बार का मुख्य आकर्षण वृंदावन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्री कृष्ण के जीवन चरित से जुड़ी जीवंत झाकियाँ होंगी। साथ ही, श्री राम दरबार एवं श्री हनुमान जी महाराज का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा।उन्होंने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में वैदिक परंपराओं के अनुसार रात्रि 10:30 बजे से 11:30 बजे तक भगवान लड्डू गोपाल का दिव्य दुग्धाभिषेक संपन्न होगा। पंडित वासुदेव, राघव, केशव एवं युगराज शर्मा के आचार्यत्व में 21 विद्वान पंडितों द्वारा पुरुष सूक्त एवं श्री गोपाल सहस्रनाम के मंत्रोचार के बीच यह अनुष्ठान कराया जाएगा। मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्म के शुभ मुहूर्त पर महाआरती होगी।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इसमें 200 किलो पीसा धनिया, 300 किलो शक्कर, 10 टीन शुद्ध देसी घी एवं मेवों से निर्मित विशेष पंजीरी तथा 200 किलो पंचामृत का प्रसाद वितरित किया जाएगा।वही ? शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया गया है

## 45 किलो 450 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा एवं परिवहन में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार जब्त, एक नामजद

जयवर्द्धन न्यूज़



चित्तौड़गढ़ । भदेसर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 45 किलो 450 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद कर जब्त किया। डोडाचूरा परिवहन में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार को जब्त कर एक आरोपी को नामजद किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेद्र सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह के निर्देशन में व पुलिस उप अधीक्षक भदेसर,विनोद कुमार के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी विनोद मेनारिया के नेतृत्व पुलिस टीम द्वारा सोमवार को चित्तौड़गढ़ - उदयपुर हाईवे रोड़ से देवड़ा पीपली-जैतपुरा जाने वाले सर्विस रोड़ के कट के पास, नाले पर परमसुख भोजनालय फास्ट फूड के सामने सरहद बानसेन हाईवेरोड़ एवं सर्विस रोड़ के बीच बने नाले पर एक सफेद रंग की स्वीफ्ट कार की तलाशी में तीन प्लास्टिक के काले रंग के कट्टों में कुल वजन 45 किलो 450 ग्राम अवैध अफीम डोडाचुरा मय प्लास्टिक के कट्टों के जब्त किया

## निकाय चुनाव के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट पर रही सरगर्मी

# 3 बजे बंद हुए गेट, जिले की नगर पालिका क्षेत्रों में भी बना रहा मेले सा माहौल

जयवर्द्धन न्यूज़



भीलवाड़ा। नगर निकाय चुनाव के तहत नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में दिनभर गहमागहमी और अफरा-तफरी का माहौल रहा।वही जिले कीनगर पालिका क्षेत्रों में भी निरधारित समय सीमा तक मेले सा माहोल नजर आया। शहर मे प्रमुख राजनीतिक पार्टियों–भाजपा और कांग्रेस–ने अंतिम क्षणों तक प्रत्याशियों की अधिकृत सूची सार्वजनिक नहीं की, जिसके चलते अंतिम समय तक संशय की स्थिति बनी रही। दोपहर में ऐन मौके पर दोनों ही दलों के जिलाध्यक्ष प्रत्याशियों की फाइनल सूची लेकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पहुंचे। दोपहर 2:45 बजे कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवराम तथा 2:50 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा प्रत्याशियों की अंतिम सूची लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। सूची सौंपने के साथ ही दोनों दलों द्वारा अपने-अपने फाइनल दावेदारों को फोन कर तुरंत नामांकन पत्र दाखिल करने के निर्देश दिए गए।

### 70 वार्डों के लिए तय किए गए थे 3 कमरे

भीलवाड़ा। नगर निगम के कुल 70 वार्डो के नामांकन के लिए प्रशासनिक स्तर पर कलेक्ट्रेट में तीन अलग-अलग कमरे निर्धारित किए गए थे। इनमें ?कमरा नंबर 5 मे वार्ड संख्या 1 से 30 ,?कमरा नंबर 34 मे वार्ड संख्या 31 से 50 एवं कमरा नंबर 55 मे वार्ड संख्या 51 से 70 के नामांकन लिए गए।

### रैलियों के रूप में पहुंचे उम्मीदवार, सुरक्षा सख्त

भीलवाड़ा। राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैलियों के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। परिसर में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### ठीक 3 बजे लॉक हुए कलेक्ट्रेट के गेट,उम्मीदवार पहुंचे वार्डो मे

भीलवाडा। नामांकन की निर्धारित समयावधि समाप्त होते ही ठीक दोपहर 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वारों को लॉक कर दिया गया। प्रशासन ने साफ किया कि तय समय सीमा तक जो प्रत्याशी कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर प्रवेश कर चुके थे, केवल उन्हीं के नामांकन फॉर्म स्वीकार किए गए। समय सीमा समाप्त होने के बाद बाहर रह गए प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया।

# मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्यों का विरोध किया

जयवर्द्धन न्यूज़



चित्तौड़गढ़। न्याय की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता सुरक्षित रखते हुए लक्षित प्रकरणों के निस्तारण संबंधी योजना (फेज-6) को निरस्त किए जाने बाबत पुनर्विचार एवं संस्थागत सुधार तथा न्याय की गुणवत्ता, निष्पक्ष सुनवाई एवं लक्ष्य-आधारित प्रकरण निस्तारण के मामले को लेकर जिला अभिभाषक संस्थान चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष नरेश शर्मा की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के क्षेत्र में अधिवक्ताओ ने काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य का विरोध प्रकट कर हड़ताल की तथा अपने मुख्यालय के मुख्य पीठासीन अधिकारी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट एवं मुख्य न्यायाधीश हाईकोर्ट के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

अध्यक्ष नरेश शर्मा ने बताया कि न्यायालय का द्वार खटखटाने वाला प्रत्येक व्यक्ति केवल शीघ्र निर्णय नहीं, बल्कि निष्पक्ष, तर्कपूर्ण, सत्यनिष्ठ और न्यायसंगत निर्णय चाहता है। प्रकरण का निस्तारण न्यायिक प्रक्रिया का अंत अवश्य है, किंतु न्याय का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होता है जब निर्णय तथ्यों, साक्ष्य और लागू विधि के समुचित परीक्षण पर आधारित हो तथा पक्षकार को यह अनुभूति हो कि उसे पर्याप्त अवसर देकर सुना गया है। केवल संख्यात्मक लक्ष्य अथवा निर्धारित अवधि के आधार पर निस्तारण की होड़ न्याय की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। हाईकोर्ट के संदर्भित पत्र के माध्यम से अधीनस्थ न्यायालयों में लक्षित प्रकरणों (टारगेटेड केसेज) के निस्तारण की कार्य योजना (फेज-6) निर्धारित की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसी योजना प्रारंभ में 20 वर्ष अथवा उससे अधिक पुराने प्रकरणों के निस्तारण के उद्देश्य से प्रारंभ हुई थी, किंतु वर्तमान चरण में 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को भी लक्षित श्रेणी में सम्मिलित किया जा रहा है। इस विस्तार से यह आशंका उत्पन्न हुई है कि अधीनस्थ न्यायालयों में न्याय की गुणवत्ता के स्थान पर संख्यात्मक निस्तारण की प्रतिस्पर्धात्मक कार्यशैली विकसित हो सकती है। परिणामस्वरूप न्याय-प्रणाली के आधारभूत मानदंडों, पर्याप्त सुनवाई, साक्ष्य के समुचित मूल्यांकन और कारणयुक्त निर्णय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। लक्षित प्रकरणों के तीव्र निस्तारण के क्रम में अधिवक्ताओं की कार्य-व्यवस्था एवं निजी जीवन भी व्यापक रूप से प्रभावित होने की चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में फेज- 6 के अंतर्गत 5 वर्ष से कम पुराने प्रकरणों को लक्षित श्रेणी में शामिल करने की तत्काल समीक्षा एवं निरस्तीकरण, प्रकरणों के निस्तारण में केवल संख्यात्मक लक्ष्य के बजाय न्याय की गुणवत्ता, निष्पक्ष सुनवाई एवं कारणयुक्त निर्णय को प्राथमिकता देने, न्यायालयों की वास्तविक क्षमता एवं प्रकरणों की जटिलता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारण में लचीलापन रखने, न्यायिक अधिकारियों के मूल्यांकन में विधिक शुद्धता एवं निर्णय की गुणवत्ता को महत्व देने, न्यायालयों एवं न्यायिक/सहायक पदों की संख्या बढ़ाने तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, किसी भी नई योजना से पूर्व न्यायिक अधिकारियों एवं बार संस्थाओं से प्रभावी परामर्श करने, पुराने प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु अतिरिक्त पीठ, विशेष सुनवाई, मध्यस्थता एवं आधुनिक केस-मैनेजमेंट अपनाने, अधिवक्ताओं के शांतिपूर्ण विरोध को संस्थागत संवाद के माध्यम से समाधान का अवसर बनाने तथा बांसवाड़ा के नवीन न्यायालय परिसर में न्यायालयों के स्थानांतरण से पूर्व अधिवक्ताओं के लिए पर्याप्त चौम्बर्स, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने की मांग की गई। संस्थान अध्यक्ष नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष चांदनी बैरागी, सचिव लोकेन्द्र सिंह राणावत, सहसचिव विशाल सिंह भाटी, कोषाध्यक्ष कमलेश सुखवाल, पुस्तकालय प्रभारी रोहित खटीक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपाल सिंह सोलंकी, दिनेश कुमार मोड, श्याम शर्मा, शिव नारायण जाट, दिलीप जैन, सावन श्रीमाली, शैलेंद्र सिंह राव, शंकर पूरी गोस्वामी, इनायत अली, मदन त्रिपाठी, अल्पेश पूरी गोस्वामी, राजेंद्र सिंह राठौड़, भेरुदास वैष्णव, बद्रीगिरी गोस्वामी, राजेंद्र सुखवाल, ख्याली लाल सुखवाल, जेपी नैनवा, पुरण मेनारिया, रतन कुमावत, लोकेश शर्मा, अनुराग दाधीच, महेन्द्र सिंह चावड़ा, नागेन्द्र सिंह झाला, विश्वास शर्मा, गुलशेर अली, राखी राव, भारती गहलोत, यास्मीन शेख, यशोदा गर्ग उपस्थित रहे।

# बड़ीसादड़ी में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

बड़ीसादड़ी। पुलिस थाना बड़ीसादड़ी ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पूछताछ में आधा दर्जन से अधिक वारदातों का खुलासा हुआ है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेद्र सिंह ने बताया कि 26 अगस्त को आमीरामा निवासी शिवालाल पुष्करणा ने रिपोर्ट दी थी कि 25 अगस्त की रात उन्होंने अपनी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की थी। सुबह करीब 4-5 बजे देखा तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश के बाद भी पता नहीं चला, जिस पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

मामले की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह के निर्देशन और पुलिस उप अधीक्षक बड़ीसादड़ी हरिशचन्द्र सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी भगवानलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आमीरामा, बड़ीसादड़ी कस्बे, छोटीसादड़ी रोड, करजू मोड़ और चित्तौड़गढ़ रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

जांच के दौरान संदिग्धों से पूछताछ में शिवसिंह मीणा, गजेन्द्र कुमार मीणा, नरेश मीणा और सांवरिया सिंह मीणा की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर चोरी की बजाज प्लेटिना सहित चार बाइक बरामद कर लीं।

### सात वारदातों का खुलासा

पुलिस पूछताछ में आरोपियों द्वारा केवलपुरा, डूंगला और नाहरपुरा से तीन मोटरसाइकिल चोरी करने, बड़ीसादड़ी में एक बाइक लूटने के अलावा पानी की मोटर का स्टार्टर और अलग-अलग विद्युत लाइनों से तार चोरी करने की वारदातों का खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार आरोपी रात के समय घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद वाहनों को गिरवी रखकर मिलने वाले पैसों से कमरा किराये पर लेकर शराब और मौज-मस्ती करते थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कम्प्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।